# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–20.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल पहुंचे देवघर, कहा– पशुपालन और आधुनिक खेती से बदलेगी किसानों की किस्मत।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन स्वास्थ्य, अनुसूचित जाति–जनजाति कल्याण और वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ बजट पूर्व कर रहे हैं परामर्श।
- हजारीबाग में भाजपा के संविधान गौरव अभियान में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना, कहा–लोक लाज से चलता है लोकतंत्र।
- राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने नये एकलव्य विद्यालयों में जल्द पढ़ाई शुरु कराने पर दिया बल, कहा–स्वरोजगार को बढ़ावा देने की भी जरुरत।
- महिला हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से रांची में जारी, पुरुष वर्ग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना सूरमा हॉकी क्लब से होगा।

******************

केन्द्रीय मत्स्य पालन और पशुपालन राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने आज देवघर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती छोड़कर वैज्ञानिक और उन्नत खेती की ओर रुख करना चाहिए। इससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण होगा।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों के साथ बजट पूर्व परामर्श कर रहे हैं। बैठक में स्वास्थ्य, अनुसूचित जाति–जनजाति, वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारी मौजूद हैं। बैठक में बजट को लेकर जनता से मिले सुझावों पर भी चर्चा हो रही है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। प्रोजेक्ट भवन में यह बैठक शाम चार बजे शुरु होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

******************

भाजपा की ओर से पूरे राज्य में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में आज हजारीबाग में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सांसद मनीष जायसवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मौके पर श्री सेठ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस पार्टी ने संविधान और उन्हें बनाने वाले बाबा साहब अम्बेदकर का हमेशा अपमान किया है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में रांची सिविल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने आज राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करने के बाद यह आदेश दिया।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू समेत राज्य में सिंचाई संसाधनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। वे आज पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री किशोर ने कहा कि झारखंड में वृहद सिंचाई योजना की आवश्यकता नहीं है बल्कि बरसात के पानी को रोक कर सिंचाई की जरुरतों को पूरा किया जा सकता है। सरकार इस दिशा में कदम उठाने जा रही है।

******************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने प्रदेश में बनाये गये नये एकलव्य विद्यालयों में जल्द पढ़ाई शुरु कराने पर बल दिया है। वे आज रांची में आवासीय विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की जरुरत पर भी जोर दिया।

******************

राज्य में अफीम की खेती के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया है। इस सिलसिले में आज सरायकेला–खरसांवा जिले में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। प्रमंडलीय आयुक्त
हरि कुमार केसरी और जोनल आईजी अखिलेश कुमार झा ने मामले की समीक्षा करते हुए 15 फरवरी तक पूरे प्रमंडल से अफीम की खेती को पूरी तरह से समाप्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।
बैठक के बाद जोनल आईजी श्री झा ने अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस को मिल रही सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

******************

बोकारो स्टील प्लांट के बोकारो जनरल अस्पताल के चिकित्सा प्रमुख डॉक्टर विभूति भूषण करुणामय से लगभग इक्कीस लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयरी ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन शुरु कर दी गयी है।

******************

पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में आज से स्वास्थ्य मेला शुरु हो गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

महिला हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जारी है। पुरुष वर्ग में, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे से शुरू होगा।

*******समाप्त*******